अधिप्रमाणित
AUTHENTICATED

2013-14

अधिप्रमाणित
AUTHENTICATED

**कोंकण रेल निगम लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखों की समीक्षा।**

कोंकण रेल निगम लिमिटेड, की स्थापना रेल मंत्रालय (51%), महाराष्ट्र (22%), कर्नाटक (15%), केरल (6%) और गोवा (6%) की इक्विटी भागीदारी के साथ भारत के पश्चिमी तट यथा रोहा से मंगलूर तक 741 किमी. लंबाई की रेल लाइन के निर्माण और परिचालन के उद्देश्य से 1990 में की गई थी। परियोजना पूर्ण होने की लागत 3555 करोड़ रुपए थी, जिसमें वित्तीय लागत के 1035 करोड़ रुपए शामिल थे। 26 जनवरी, 1998 को निगम पूर्ण रूप से रेलवे के रुप में परिचालन हो गया था और तब से यह यात्री और माल गाड़ियों का संचालन सफलतापूर्वक कर रहा है। निगम ने टर्नकी रेलवे परियोजनाओं के निर्माण कार्य में विशेषज्ञता हासिल की है।

गाड़ी परिचालन निष्पादन

वर्ष 2013-14 के दौरान, कोंकण रेलवे प्रणाली पर रोल-ऑन एंड रोल-ऑफ सेवाओं सहित प्रतिदिन औसतन 41 यात्री गाड़ियां और 19 माल गाड़ियां चलाई गईं हैं। ट्रकों के लिए विशेष रोल ऑन एंड रोल-ऑफ सेवा ने सफलतापूर्वक 15 वर्ष पूरे किए हैं और पिछले वर्ष के 50.00 करोड़ रुपए की तुलना में 2013-14 में 65.72 करोड़ रुपए की आमदनी की है। इस वर्ष के दौरान, कोंकण रेलवे ने 32.12 मिलियन यात्रियों और 3921.71 मिलियन शुद्ध टन किलोमीटर (एन.टी.के.एम.) माल की ढुलाई की है। इस वर्ष, कोंकण रेलवे पर प्रारंभिक लदान 3.37 मिलियन टन रहा।

परियोजना निष्पादनता

कोंकण रेलवे, जम्मू और कश्मीर राज्य में उत्तर रेलवे के लिए एक प्रतिष्ठित यू.एस.बी.आर.एल. परियोजना के एक प्रमुख भाग को निष्पादित कर रही है। 2013-14 में, 320 करोड़ रुपए (तीन सौ बीस करोड़ रुपए केवल) के टर्नओवर सहित 2.47 कि.मी. सुरंग खुदाई, 6.154 कि.मी. सुरंग

लाइनिंग और 4.2 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी संबंधी कार्यों को पूरा किया गया। वर्ष 2013-14 तक 3382 करोड़ रुपए (केवल तीन हजार तीन सौ बयासी करोड़ रुपये) की कुल अनुमानित संविदागत लागत में से 2077 करोड़ रुपए (केवल दो हजार सतहत्तर करोड़ रुपए) का संचयी टर्नओवर हासिल किया गया।

वित्तीय निष्पादन

निगम का पिछले वर्ष के 1136 करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 2013-14 के दौरान कुल राजस्व 1277 करोड़ रुपए रहा। 1277 करोड़ रुपए के कुल राजस्व में से, पिछले वर्ष के 729 करोड़ रुपए की तुलना में यातायात आमदनी में 877 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष 30.45 करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 2013-14 के दौरान परियोजना अधिशेष में 30.64 करोड़ रुपए की मामूली वृद्धि हुई। पिछले वर्ष की तुलना में अन्य आय 50.54 करोड़ रुपए से बढ़कर 55.73 करोड़ रुपए हो गया। निगम का कुल व्यय पिछले वर्ष 2012-13 के 1200 करोड़ रुपये की तुलना में 1264 करोड़ रुपए रहा। सवारी डिब्बों और रेल इंजनों के किरायों के प्रभार में वृद्धि, ईंधन दरों में वृद्धि और अन्य गाड़ी परिचालन व्यय में वृद्धि के कारण पिछले वर्ष की तुलना में व्यय में 5.5% की वृद्धि हुई है। कंपनी ने पिछले वर्ष के 128 करोड़ रुपए की तुलना में 2013-14 के दौरान 187 करोड़ रुपए का परिचालनिक अधिशेष अर्जित किया गया। पिछले वर्ष के 158 करोड़ रुपए की तुलना में कुल ऑपरेटिंग मार्जिन (यातायात एवं परियोजनाएं) 218 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने पिछले वर्ष के 235 करोड़ रुपए के नुकसान की तुलना में इस वर्ष के दौरान 13 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

परिचालनिक अनुपात जो परिचालन क्षमता का एक पैमाना है, में पिछले वर्ष 2012-13 के 95 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2013-14 में 89 प्रतिशत तक का सुधार हुआ है। निगम का शुद्ध

मूल्य पिछले वर्ष के 1340 करोड़ रुपये के शुद्ध मूल्य की तुलना में वर्ष 2013-14 के अंत तक 1353 करोड़ रुपये रहा।

पिछले तीन वर्षों का संक्षिप्त वित्तीय विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपए में)

| विवरण | 2013-14 | 2012-13 | 2011-12 |
|---|---|---|---|
| कुल आय | 1277 | 1136 | 1001 |
| ऑपरेटिंग मार्जिन | 218 | 158 | 243 |
| कर के बाद लाभ | 13 | (236) | 19 |
| शुद्ध मूल्य | 1353 | 1340 | 1576 |

*******